# पट्टा जारी करने की प्रक्रिया होगी ऑनलाइन, आवेदक को 30 दिन में मिल जाएगा पट्टा : खर्रा

## 'सकारात्मक सुझावों को शामिल कर सफाईकर्मी भर्ती को पारदर्शी बनाया जाएगा'

**जयपुर**, (वि.सं.)। नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास को मूल मंत्र मानकर राजस्थान के विकास को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का कार्य कर रही है। कठिन परिश्रम से हम यह मुकाम हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि पट्टा जारी करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर आवेदक को 30 दिन में पट्टा देना सुनिश्चित किया जाएगा। सफाईकर्मी भर्ती को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाएगा। खर्रा ने कहा कि राज्य के प्रमुख शहरों में इसी वर्ष से 500 ई-बसें संचालित की जाएंगी।

झाबर सिंह खर्रा शुक्रवार को विधानसभा में नगरीय विकास एवं आवासन विभाग एवं स्वायत्त शासन विभाग की अनुदान मांग पर हुई बहस का जवाब दे रहे थे। चर्चा के बाद सदन ने नगरीय विकास एवं आवासन विभाग की 89 करोड़ 7 लाख 12 हजार रूपये एवं स्वायत्त शासन विभाग की 1 खरब 23 अरब 66 करोड़ 97 लाख 92 हजार रूपये की अनुदान मांगें ध्वनिमत से पारित कर दी।

मंत्री ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों के सुझावों को शामिल करते हुए पट्टा जारी करने की प्रक्रिया को ऑनलाइन कर पूर्ण पारदर्शी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पट्टे के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया आरंभ की जाएगी, जिसमें संबंधित निकाय आवेदन के 30 दिन के भीतर आवेदक को पट्टा जारी करेगा या निरस्त करेगा। उन्होंने कहा कि आवेदन में कोई कमी-खामी होने पर नगरीय निकाय एक सप्ताह की अवधि में उसकी जानकारी आवेदक को देगा। पट्टा निरस्त होने की स्थिति में आवेदक प्रशासनिक अधिकारियों की समिति के समक्ष पुन: आवेदन कर सकेगा। अगर गलत तरीके से पट्टा निरस्त करना पाया जाता है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

- **'5 वर्ष से अधिक समय से प्रतिनियुक्ति पर चल रहे अधिकारी-कर्मचारी भेजे जाएंगे मूल विभाग'**
- **'राज्य के प्रमुख शहरों में इसी वर्ष से संचालित होंगी 500 ई-बसें'**

खर्रा ने कहा कि जमीन मुआवजे के संबंध में गत 12 जुलाई को आदेश जारी कर पूर्व के आदेशों की खामियों को दूर किया गया है। उन्होंने कहा कि एक ही जोन में डीएलसी दर अलग-अलग हो सकती है, लेकिन आरक्षित दर एक ही होती है। नए आदेश में समतुल्यता लाते हुए मुआवजे का आधार डीएलसी दर को रखा गया है, जिससे अब कोई भी मुआवजे का नाजायज फायदा नहीं उठा सकेगा।

खर्रा ने सफाईकर्मी भर्ती में वाल्मिकी समाज को प्राथमिकता देने पर जोर देते हुए कहा कि पूर्व में सफाईकर्मी भर्ती में नगरीय निकायों में दो वर्ष कार्य अनुभव का प्रावधान था, जिसे बाद में एक वर्ष कर दिया गया। तत्पश्चात् निजी संस्थाओं के अनुभव को भी इसमें शामिल कर लिया गया, जिससे यह प्रक्रिया दूषित हो गई। अब सभी के सकारात्मक सुझावों को शामिल कर सफाईकर्मी भर्ती को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि विभाग से सम्बन्धित नियम-कानूनों में कोई खामी है तो उन्हें संशोधन कर दुरूस्त किया जाएगा। नगरीय निकायों की टाउनशिप पॉलिसीज को बदलकर इन्हें और बेहतर बनाया जाएगा। नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री ने कहा कि जमीन अधिग्रहण के मामलों में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि अंतिम रूप से जमीन जिसके नाम थी, उसे मुआवजा मिले। वहीं यूडी टैक्स के सरलीकरण का भी प्रयास किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न राज्यों के यूडी टैक्स मॉडल का अध्ययन करने के लिए विभागीय अधिकारियों की टीम इन राज्यों के दौरे पर भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि जवाहर नगर कच्ची बस्ती को फॉरेस्ट डिनोटिफाई कराने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि विभाग में कोई भी कर्मचारी यदि तीन वर्ष से अधिक अवधि से एक ही शाखा में कार्यरत है तो उसका दूसरी शाखा में तबादला किया जाएगा। साथ ही, यदि कोई अधिकारी-कर्मचारी 5 वर्ष से अधिक समय से विभाग में प्रतिनियुक्ति पर है तो उसे मूल विभाग में भेजा जाएगा। खर्रा ने कहा कि तथ्यात्मक शिकायतें प्राप्त होने पर उनकी निष्पक्ष जांच करवाकर दोषी कार्मिकों के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# बारां, चित्तौड़गढ़ व जोधपुर के लोगों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की



**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास एवं विधानसभा में विभिन्न जिलों के प्रतिनिधिमंडलों ने मुलाकात की। जोधपुर जिले के लूणी विधानसभा क्षेत्र से आए प्रतिनिधिमंडल ने संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के नेतृत्व में लूणी क्षेत्र की बजट घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

चित्तौड़गढ़ से आए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिवादन किया तथा बजट में की गई चित्तौड़गढ़ जिले के विकास कार्यों की घोषणाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। साथ ही, बारां से आए प्रतिनिधिमंडल ने भी शर्मा का अभिनन्दन करते हुए बजट में मिली सौगातों के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गोतम कुमार सहित विभिन्न विधायकगण एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि परिवर्तित बजट 2024-25 में की गई जनकल्याणकारी घोषणाओं को लेकर प्रदेशभर में खुशी का माहौल है। प्रदेश के युवा, महिला, किसान एवं विभिन्न क्षेत्रों के लोग बजट में मिली सौगातों के लिए मुख्यमंत्री का लगातार आभार व्यक्त कर रहे हैं।

- **बजट घोषणाओं के लिए प्रदेशवासी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जता रहे आभार**



**भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने नई दिल्ली प्रवास पर भाजपा राजस्थान के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को नवीन दायित्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मदन राठौड़ को जिले से लेकर प्रदेश तक संगठन का लंबा अनुभव है, वह एक सामान्य कार्यकर्ता से लेकर प्रदेश अध्यक्ष के पद पर पहुंचे हैं, जो मारवाड़ से लेकर राज्य के समस्त कार्यकर्ताओं के लिए खुशी का पल है, पूर्ण विश्वास है कि मदन राठौड़ के नेतृत्व में भाजपा राजस्थान इकाई और अधिक मजबूत होगी और कार्यकर्ता नई ऊर्जा के साथ पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करेंगे, ऐसा हमें पूर्ण विश्वास है।**

# कांग्रेसी नेताओं ने जनता में नेगेटिव एजेंडा सेट करने का काम किया : भूपेंद्र चौधरी

- **'लेकिन देश की जनता ने मोदी पर विश्वास जताकर दिया करारा जवाब'**
- **'नए प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान में आगे बढ़ेगी भाजपा'**

**जयपुर**। उत्तर प्रदेश के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी आज शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने उनका राजस्थानी परम्परा के अनुसार साफा और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर से यूपी प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने मुलाकात कर मंत्रणा की। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, प्रदेश मंत्री मिथिलेश गौतम भी उपस्थित रहे।

यूपी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव धर्म और आस्था के नाम पर राजनीति करती है। कांग्रेसी नेता तुष्टिकरण की नीति पर काम कर रहे है। कांग्रेस केवल झूठ की दुकान चला रही है और देश की जनता को गुमराह करने का काम कर रही है। कांग्रेसी नेताओं ने जनता के बीच नेगेटिव एजेंडा सेट करने का काम किया है, लेकिन देश की जनता कांग्रेस और कांग्रेसी नेताओं के इस नेगेटिव एजेंडें को समझ गई है। देश की जनता ने तीसरी बार प्रधान सेवक के रूप में नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताकर कांग्रेस को करारा जवाब दिया है।

यूपी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि ये भाजपा ही है जो आस्था और परम्परा को साथ लेकर आगे बढ़ रही है। भाजपा ने 500 सालों से लंबित जन जन के आस्था के केंद्र राम मंदिर का निर्माण करवाकर जन भावनाओं का सम्मान किया है। चौधरी ने कारगिल विजय दिवस पर देश के वीर शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए याद किया। वहीं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर केंद्र का आभार जताया और राठौड़ को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मदन राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान में पार्टी आगे बढ़ेगी। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ और भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक उपस्थित रहे।

## युवा बनेंगे स्पीकर, मुख्यमंत्री और प्रतिपक्ष नेता

**जयपुर**, (का.सं.)। विधान सभा में शनिवार को युवा संसद होगी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर प्रदेश के युवाओं को प्रोत्साहन मिल रहा है। भावी पीढी को देश की राजनीति की से परिचय कराने की स्पीकर देवनानी की सोच है। इसके तहत युवा संसद का आयोजन विधानसभा में किया जा रहा है। विधान सभा में शनिवार को होने वाले एक दिवसीय कार्यक्रम में विधायक के रूप में युवा सदन में बैठकर जनहित के प्रश्न पूछेंगे।

# राजस्थान की 586 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित

**जयपुर**। राजस्थान में केंद्र सरकार के केन्द्रीय क्षय अनुभाग ने राज्य की 586 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने शुक्रवार को बताया कि राज्य के लिए यह महत्वपूर्ण उपलब्धि है। चिकित्सा विभाग द्वारा टीबी रोगियों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं एवं योजनाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए यह सफलता प्राप्त की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य में आगे भी टीबी मुक्त राजस्थान अभियान को प्रतिबद्धता के साथ संचालित किया जाएगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि टीबी उन्मूलन प्रयासों को मजबूत करने के क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 24 मार्च, 2023 को वाराणसी में आयोजित 'विश्व टीबी रोग दिवस' समारोह में 'टीबी मुक्त पंचायत' अभियान का शुभारम्भ किया था।

उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य पंचायतीराज सदस्यों को टीबी रोग कार्यक्रम, रोगियों की सहायतार्थ संबल प्रदान करना एवं पंचायत को टीबी मुक्त करने की दिशा में सम्मिलित प्रयास करना है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2024 पंजीकरण तिथि संशोधन

**दिल्ली**। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2024 के अंतर्गत योजना पंजीकरण की अंतिम तिथि पिछले संस्करण में 5 अगस्त 2024 प्रकाशित हो गयी थी। जिसको अब 31 जुलाई 2024 पढ़ा जाये।

# विपक्ष ने बाजरे की खरीद के मुद्दे पर सदन में किया हंगामा

- **स्पीकर देवनानी ने व्यवस्था देते हुए कहा कि कोई भी सदस्य वेल में नहीं आये और जो वेल आये उनके खिलाफ मंत्री संज्ञान ले और आवश्यकता पड़ने पर उनके खिलाफ प्रस्ताव भी लाए**

**जयपुर** (वि.सं.)। विधानसभा में शुक्रवार को विपक्ष के सदस्यों ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर बाजरे की खरीद की मांग को लेकर जोरदार हंगामा किया।

प्रश्नकाल में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा जब विधायक रितु बनावत के प्रश्न प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद का जवाब दे रहे थे और प्रश्नकाल के समाप्त होने में महज दो मिनट शेष थे तभी विपक्ष के सदस्य गोविंद सिंह डोटासरा खड़े हुए और बाजरे की खरीद की मांग करने लगे। इस पर विपक्ष के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली एवं विपक्ष के अन्य सदस्य भी खड़े हो गए और बोलने लगे। इस पर सत्ता पक्ष के सदस्य भी खड़े होकर बोलने लगे। इससे सदन में शोरगुल और हंगामा हुआ।

इस पर अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हंगामा कर रहे सदस्यों को अपनी जगह पर बैठने के लिए कहा लेकिन विपक्ष के सदसय वेल की तरफ बढ़ने लगे और वेल के पास एकत्रित हो गए और बाद में वेल में आकर हंगामा करने लगे। इस पर नाराज विधानसभा अध्यक्ष ने वेल में आये सदस्यों के खिलाफ प्रस्ताव लाकर कार्यवाही की चेतावनी दी। इतने में प्रश्नकाल समाप्त हो गया और मामला शांत हो गया।

इसके बाद देवनानी ने व्यवस्था देते हुए कहा कि कोई भी सदस्य वेल में नहीं आये और जो वेल आये उनके खिलाफ मंत्री संज्ञान ले और आवश्यकता पड़ने पर उनके खिलाफ प्रस्ताव भी लाए।

जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री सदन में आये तो अच्छा लगा और तत्कालीन मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत भी सदन में बैठते थे। मुख्यमंत्री सदन में आते हैं तो सदन की गरिमा बढ़ती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष मंत्री पर लांछन नहीं लगाना चाहता हैं लेकिन विशेष प्रश्न लगाया गया, उसका उत्तर मिलना चाहिए, गुमराह करके उत्तर नहीं मिले। उन्होंने कहा कि बाजरे की खरीद के लिए सदन को आश्वस्त कर दे कि बाजरे की खरीद की जायेगी। इसके लिए घोषणा की जाती है तो किसान खुश होंगे। इसके बाद विधायक मनोज कुमार ने बोलना चाहा लेकिन अध्यक्ष ने उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी।

इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल ने बाजरा खरीद के लिये सदन को आश्वस्त किया।

## कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर चित्र प्रदर्शनी



**दक्षिण पश्चिमी कमान के चीफ़ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल एच.एस. वांदरा ने केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से जवाहर कला केन्द्र में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।**

- **कार्यक्रम में कारगिल वॉर हीरोज तथा उनके परिजनों का सम्मान किया गया**

**जयपुर**। भारत सरकार, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, प्रादेशिक कार्यालय, जयपुर की ओर से गुरूवार को जवाहर कला केंद्र में कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के अवसर पर कारगिल वॉर हीरोज का सम्मान समारोह व चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के लेफ्टिनेंट जनरल एच एस वांदरा, सेना मेडल व चीफ़ ऑफ स्टाफ-दक्षिण पश्चिमी कमान ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल एच एस वांदरा तथा ग्रुप कैप्टन विनय भारद्वाज ने कारगिल वॉर हीरोज तथा उनके परिजनों का सम्मान किया।

पत्र सूचना कार्यालय व केंद्रीय संचार ब्यूरो कि अपर महानिदेशक ऋतु शुक्ला ने कहा कि आज के दिन हम भारत माता के उन वीर सपूतों को याद करने, नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने कारगिल युद्ध में देश कि रक्षा के लिए अपने प्राणों कि आहुति दे दी। आज कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती पर देश के वीर सपूतों के बलिदान और शौर्य की गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचने के मकसद से इस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से कारगिल युद्ध के विभिन्न पहलुओं को एक जीवंत रूप में प्रस्तुत करने का प्रयत्न भी किया गया है। कार्यक्रम में कारगिल वॉर हीरोज और उनके परिजनों ने इस अवसर पर अनुभव साझा किए। शहीद अमित भारद्वाज के परिजनों ने कहा की देश के लिए हमने एक अमित खोया है लेकिन आज हजारों अमित हमारे साथ है। इस अवसर कारगिल वॉर हीरो कर्नल वीएस बालोठिया व ग्रुप कैप्टन एसएस धोलिया ने अपने भी अनुभव साझा किए। इस अवसर पर शहीद कैप्टन अमित भारद्वाज, शहीद विक्रम सिंह के परिजनों को तथा कर्नल वीएस बालोठिया को सम्मानित किया गया। एयर कोमोडोर एमएल वर्मा, ग्रुप कैप्टन आरएस राघव तथा ग्रुप कैप्टन एसएस धोलिया को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सेना व वायु सेना के अधिकारी तथा आकाशवाणी के समाचार निदेशक नीलेश कालाभोर, दूरदर्शन समाचार की समाचार प्रमुख उपनिदेशक मंजू मीणा मौजूद थे।

## नि:शुल्क दवा योजना के क्रियान्वयन में राजस्थान देश में प्रथम

**जयपुर**। राजस्थान ने नि:शुल्क दवा योजना के क्रियान्वयन में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि ने शुक्रवार को बताया कि राजस्थान ने नि:शुल्क दवा योजना में अनुमोदित दवाओं की संख्या, उपलब्ध दर संविदा, विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में दवाओं की उपलब्धता सहित अन्य मानकों में समग्र रूप से अधिकतम अंक प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है।

उन्होंने बताया कि नि:शुल्क दवा योजना के संचालन को लेकर भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी रैंकिंग में राजस्थान प्रथम रहा है। भारत सरकार द्वारा अप्रैल 2019 में ड्रग्स एण्ड वैक्सीन्स डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (डीवीडीएमएस) डैशबोर्ड का निर्माण किया गया था। इस डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न राज्यों में संचालित नि:शुल्क दवा योजना की प्रगति की सूचना संकलित की जाती है।

गिरि ने बताया कि डैशबोर्ड पर प्राप्त सूचनाओं के अनुसार राजस्थान नि:शुल्क दवा योजना के संचालन में निरंतर अग्रणी राज्यों में रहा है। इस वर्ष भी राजस्थान ने 76.78 अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया है। तेलंगाना 75 अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहा है।

उन्होंने बताया कि रैंकिंग का निर्धारण योजना के तहत चिकित्सा संस्थानों की संख्या, दवाओं के स्टॉक, ऑनलाइन आपूर्ति, गुणवत्ता जांच, दवाओं के अवधिपार होने की स्थिति, आपूर्ति में लगने वाले समय सहित 10 मानकों के आधार पर किया जाता है। इसके लिए 100 अंक निर्धारित किए गए हैं।

## देवनानी ने शहीदों को किया नमन

**जयपुर**। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को यहां अमर जवान ज्योति पर पहुँच कर शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। देवनानी ने वहां विजिटर्स बुक में लिखा कि "कारगिल विजय दिवस भारतीय इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय है। यह साहस, समर्पण और अदम्य पराक्रम के जज्बे का परिचय देता है। देश के वीर सैनिकों ने कारगिल में 37 डिग्री तापमान पर निष्ठा से देश की रक्षा की।

## पेट्रोल पंप संचालक को खराब इंजन के 8.42 लाख रुपए देने का आदेश

**जयपुर**, (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने जीप कम्पास में पेट्रोल की जगह डीजल डालने और इससे वाहन का इंजन खराब होने को लापरवाही व सेवादोष करार देते हुए पेट्रोल पंप संचालक तांबी एंटरप्राइजेज के निदेशक व मैनेजर सहित अन्य पर 36 हजार रुपए हर्जाना लगाया है। वहीं उन्हें निर्देश दिया है कि वे परिवादी को खराब इंजन के नुकसान के पेटे 8,42,939 रुपए भुगतान करे। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसीलाल मीना व सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह निर्देश रजनी देवी के परिवाद पर दिया।

# देवनानी ने स्व.मोहन लाल सिंधी के परिजन को एक लाख रु. की आर्थिक सहायता दी

**जयपुर**। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने स्वर्गीय मोहन लाल सिंधी के परिजन को स्वयं की तरफ से एक लाख रूपये की धन राशि प्रदान कर आर्थिक सहायता दी। देवनानी से शुक्रवार को उनके राजकीय निवास पर स्वर्गीय मोहन लाल सिंधी के परिजन ने मुलाकात की। देवनानी ने स्व. मोहन लाल सिन्धी की माता बेबीरानी व अन्य परिजन के हाल-चाल जाने और उनको आर्थिक सहायता प्रदान की। देवनानी ने बताया कि राज्य सरकार से भी आर्थिक सहायता दिलाने के लिए प्रयास कर रहे है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से भी उन्होंने आग्रह किया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने उन्हें आश्वस्त किया है कि जल्द ही पर्याप्त राशि पीडित परिवार को उपलब्ध करवाई जायेगी। उल्लेखनीय है कि सिंधी समाज के गरीब युवक जयपुर निवासी मोहन लाल सिंधी की एक विवाद में हत्या हो गई थी। देवनानी ने उस दौरान स्व. मोहन लाल के परिजन को ढांढस बंधाया था और उन्हें अपनी तरफ से एक लाख रुपये की धन राशि की आर्थिक सहायता दिये जाने की घोषणा भी की थी। देवनानी के साथ स्व. मोहन लाल सिंधी के परिजन और सिंधी समाज की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधिगण ने मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा से इस संबंध में कार्यवाही किये जाने हेतु मुलाकात भी की थी।



## भारी मात्रा में ई-सिगरेट जब्त

**जयपुर**। राजधानी में सी स्कीम और विद्याधर नगर इलाके में डीआरआई की टीमों ने कारवाई करते हुए बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट का जखीरा पकड़ा है। जानकारी के अनुसार डीआरआई की टीमों ने सी-स्कीम और विद्याधर नगर इलाके में 16 घंटे ऑपरेशन चलाकर कार्रवाई को अंजाम दिया।

## शेष मांगें मुखबंद का प्रयोग कर पारित की

जयपुर, (वि.सं.)। विधानसभा ने शुक्रवार को आय-व्ययक अनुमान वर्ष 2024-25 की शेष मांगें मुखबंद का प्रयोग कर ध्वनिमत से पारित कर दी।

## दोनों एड्रेनल ग्रंथियों का सफल ऑपरेशन

**जयपुर**। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में एक 21 साल के युवक की दोनों एड्रेनल ग्रंथियों का सफल ऑपरेशन किया गया है। उन पर बनी फियोक्रोमोसाइटोमा नामक ट्यूमर को बाहर निकाला गया है। इस तरह एक साथ दोनों ग्रंथियों का लैप्रोस्कोपिक से ऑपरेशन करने का ये पहला मामला है।